हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

11 श्रीराम का वनगमन प्रसंग सुन भाव-विभोर...



12 मंडी में बाजरे की खरीद न होने पर आढ़तियों ने...



## खबर संक्षेप

### 33 केवी सब स्टेशन की बिजली बाधित रहेगी

**बवानी खेड़ा।** कस्बे के दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सब डिवीजन बवानी खेड़ा के 33 केवी सब स्टेशन से चलने वाले विभिन्न गांवों की बिजली शनिवार सुबह 8:00 बजे से लेकर 12:00 बजे तक बाधित रहेगी। उपमंडल अभियंता राजेंद्र कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान सुबह 8:00 बजे से लेकर 12:00 तक पुर, सिवाड़ा,जाटू लोहारी,तालु, मंडाणा ऐपी, बवानी खेड़ा, सुमरा खेड़ा व तालु ऐपी की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### चार दिवसीय लोक उत्सव आज से

**भिवानी।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय का उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और सरकार का कला और संस्कृति कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक मंच के सहयोग से 4 से 7 अक्टूबर तक एक अनुपम लोक उत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है। मंच की अध्यक्ष नीता चावला और महासचिव रणविजय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक घनश्याम सर्राफ, वित्त सलाहकार सुरेन्द्र शर्मा और एडवोकेट अविनाश सरदाना करेंगे।

### वार्षिक अंशदान का 31 तक करें भुगतान: डीसी

**चरखी दादरी।** डीसी डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चिरायु आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत जिन परिवारों की वार्षिक वेरीफाई आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का निशुल्क लाभ दिया जाता है। वहीं जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से ज्यादा 3 लाख रुपये तक है, उन्हें चिरायु विस्तार योजना के तहत केवल 1500 रुपये प्रीमियम की अदायगी के साथ योजना का लाभ ले सकते हैं। पात्र लाभार्थी पोर्टल पर 1500 रुपये के वार्षिक अंशदान 31 अक्टूबर 2025 तक भुगतान करके एक नवम्बर 2025 से 31 अक्टूबर 2026 तक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

### ब्राह्मण सभा खाप चौरासी की बैठक कल

**बाढ़ड़ा।** ब्राह्मण सभा सिंदौलिया खाप चौरासी की आम सभा 5 अक्टूबर रविवार को बाढड़ा ब्राह्मण भवन में की जाएगी। इसमें संगठन को लेकर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। यह जानकारी ब्राह्मण सभा सिन्दौलिया खाप चौरासी महासचिव सुनील शर्मा पूर्व चैयरमेन ने दी। उन्होंने बताया कि सिन्दौलिया खाप चौरासी अध्यक्ष बजरंग लाल पहाड़ी पूर्व डीआईजी की अध्यक्षता में बैठक की जायेगी। बैठक में सामाजिक ज्वलंत मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जायेगी। उन्होंने ब्राह्मण सभा खाप चौरासी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से इसमें अधिक से अधिक सं2या में भागीदारी करने की अपील की है।

---

## जिले के ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी की भयंकर किल्लत

# 32 दिनों से बंद है कई गांवों की पानी सप्लाई, टैंकरों से नहीं हो पाई भरपाई

> लोगों का पूरा दिन पीने व अन्य प्रयोग के लिए पानी लाने के ही जुगाड़ में बीत रहा है।





**भिवानी।** गांव के बुस्टर में जमा बारिश का पानी और निजी ट्यूबवेल संचालकों से मंगवाया गए टैंकर से पानी लेते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बीते माह बारिश ने ऐसा कहर बरपाया कि अभी तक लोगों की दिनचर्या पटरी पर नहीं लौटी है। बारिश व गंदे पानी से आधा दर्जन गांवों के जलघरों के टैंक पानी से लबालब हो गए। उन टैंकों में अब काई तैर रही है। जलघरों के टैंक खाली न होने की वजह से अभी तक इन गांवों में पिछले करीब 30-32 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। हालात ये बने है कि इन गांवों के लोग निजी ट्यूबवेल संचालकों से पानी के टैंकर खरीद कर मंगवा रहे है। लोगों का पूरा दिन पीने व अन्य प्रयोग के लिए पानी लाने के ही जुगाड़ में बीत रहा है।

उल्लेखनीय है कि 29 अगस्त से लेकर 1 सितम्बर तक रूक रूक कर जबरदस्त बारिश हुई थी। इस दौरान सबसे ज्यादा पानी बवानीखेड़ा हलके के अनेक गांवों में जमा हो गया था। इस दौरान बारिश व रिहायशी कॉलोनियों से निकलने वाले पानी से टैंक लबालब हो गए। अभी तक जाटू लोहारी, रोहनात, मंढाणा व कुछ अन्य गांवों के टैंकों में दूषित पानी जमा है। इनके अलावा बारिश के पानी में मोटरों के चैम्बर भी डूबे हुए है। हालांकि कई जगहों पर चैम्बरों को खाली करवाकर मोटरों को निकाला जा चुका है,लेकिन अभी तक उन पर मोटर लगाकर पानी की सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। वहीं गांव लोहारी जाटू के जलघर के चैम्बर व टैंकों में अभी तक भी बारिश का पानी जमा है। जब तक बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पाती। तब तक इस गांव में पीने के पानी की सप्लाई नहीं की जा सकती।

### बड़े गांव में 40 से 50 टैंकरों की खपत

करीब एक माह से पानी की सप्लाई न होने की वजह से आधा दर्जन गांवों में पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनी है। फिलहाल गांव में निजी ट्यूबवेल संचालकों के जरिए ग्रामीण पीने के पानी का टैंकर मंगवा रहे है। हालांकि इन ट्यूबवेलों का पानी भी ज्यादा बेहतरीन नहीं है,लेकिन मजबूरीवश लोगों को इसी पानी से हलक तर करना तथा अन्य कार्य निपटाने पड़ रहे है। पानी की सप्लाई न आने से रोजाना एक बड़े गांव में करीब 40 से पचास टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। यही स्थिति अन्य गांवों के बाहरी कॉलोनी की है। वहां पर भी पीने के पानी की सप्लाई न पहुंचने से लोगों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

---



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में बाबा सोमवारपुरी कुटिया के पास जमा पानी।

## बरसाती व सीवरेज के पानी निकासी में सफल नहीं हो पाया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में इस बार बारिश ने जो कहर बरपाया है शायद पहले ऐसा हुआ हो। शहर के लोगों को आज भी रातों की नींद और दिन का चैन बेचैन किए हुए है। बेशक प्रशासन शहर में कुछ स्थानों पर पानी निकालने में सफल हुआ हो और अपनी पीठ स्वयं थपथपा रहा हो लेकिन वास्तविकता किसी से छिपी नहीं है। बाबा सोमवारपुरी कुटिया में जाने के लिए लोगों को पांव से चप्पल-जूते निकालकर फिर दर्शन करने जाना पड़ता है तो नगर पालिका कार्यालय के पीछे सीवरेज का गंदा पानी दो महीनें से जमा है जिस पर काई छाई हुई है व मच्छर मक्खियों के कारण बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। ये जरूर है कि प्रशासन हांसी चुंगी, सुदी तालाब, बिजली निगम के रोड के पानी निकासी में सफल हुआ है लेकिन सामान्य अस्पताल, खेतों, विद्यालयों, पशु अस्पताल सहित अनेक बस्तियों में पानी आज भी जमा है जिससे लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

### जलभराव से राहत को पाइपलाइन बिछाई

बवानीखेड़ा के वार्ड 2 और 3 में बरसाती पानी की निकासी के लिए शुक्रवार को पाइपलाइन बिछाई गई। नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने बताया कि बाबा सोमवार पुरी कुटिया के पास पंप सेट लगाया जा रहा है, जिससे 8 इंची पाइपलाइन के जरिये पानी को 24 इंची मुख्य पाइपलाइन में डाला जाएगा। विद्युत विभाग से जल्द बिजली कनेक्शन की उम्मीद है। सोमवार तक पंपिंग कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह प्रयास जलभराव से स्थायी राहत देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

---

### 12वीं कक्षा की छात्रा तमन्ना ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक कला में कक्षा 12वीं की छात्रा तमन्ना ने करनाल में आयोजित तीन दिवसीय 58 में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग में एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री रेस में स्वर्ण पदक वह 3 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने तथा सांस्कृतिक उत्सव यानी कल्चरल फेस्ट में जिला स्तरीय 9 से 12 वर्ग में एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली तनु और टीम वी 5 से 18 वर्ग में एकल नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली खुशी और टीम को विद्यालय प्राचार्य दो रीमा परमार जी वह सभी स्टाफ सदस्यों ने आज प्रार्थना सभा में सम्मानित करते हुए बधाई दी।

## महिला वर्ग में जनता कॉलेज व पुरुष वर्ग में गुरुकुल दादरी की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



■ जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले की 16 टीमों ने भाग लिया।

एमेच्योर खो-खो संघ दादरी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला व पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन शहीद दलबीर संस्कृति मॉडल स्कूल में हुआ। खो-खो संघ जिला प्रधान संजय शास्त्री ने बताया कि जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले की 16 टीमों ने भाग लिया और बहुत ही शानदार प्रदर्शन रहा। सभी खिलाड़ियों का प्रतियोगिता में पुरस्कार समारोह में पधारे प्राचार्य सुरेश यादव व स्वर्गीय राजपाल सिंह फोगाट के पुत्र यशदीप फोगाट ने विजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

खो-खो संघ के महासचिव विजेश कुमार ने बताया कि महिला वर्ग में जनता कॉलेज प्रथम स्थान पर रही, खो-खो खेल नर्सरी खेड़ी बूरा द्वितीय स्थान पर, गांव मालकोष की टीम तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में गुरुकुल दादरी प्रथम रहा, शहीद दलबीर संस्कृति मॉडल स्कूल दादरी द्वितीय स्थान पर रहा और दादरी खो-खो सेंटर तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्य सुरेश यादव ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित किया और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और खेलों में ज्यादा से ज्यादा बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पधारे खो-खो संघ की कोषाध्यक्ष डॉ सीमा देवी, खेल विभाग से विजेंदर कोच, परमिंदर कोच,योगेश शर्मा डीपीई, प्रवीन जांगड़ा, दिनेश पटवारी, दीपक, सूरज, सम्मी, नवीन, परमजीत डीपीई, पिंकी डीपीई, मनदीप कोच, साहिल, सुरेंद्र ठेकेदार चरखी आदि का प्रतियोगिता में योगदान रहा।

## गांव अलखपुरा में बिन पानी दरकने लगे आशियाने: सिंधू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



इस बार जलभराव का सबसे ज्यादा असर व नुकसान बवानीखेड़ा हलके में है। रिहायशी कॉलोनियों का तो पानी उतर गया,लेकिन अभी खेतों में बारिश का पानी जमा है। जिससे इस बार उक्त हलके के किसान अपने खेतों में बिजाई नहीं कर पाएंगे। दूसरी तरफ अलखपुरा गांव के खेतों में बारिश का पानी है,लेकिन रिहायशी बस्ती में पानी जमा नहीं हुआ। उसके बावजूद अधिकांश आवासों में दरारें आ गई है। हालात ये बने है कि ये मकान कभी भी भरभरा कर गिर सकते है।

उक्त बात हरियाणा जागृति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सिंधू ने लोगों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने जिन लोगों के मकानों में बारिश के पानी की वजह से दरारे आई है। उन लोगों के मकान देखे और उनकी समस्या सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिलाया। पीड़ित लोगों ने बताया कि गांव के अधिकांश मकानों में दरार आ गई है।

वे इतने जर्जर हो चले है कि कभी भी भरभरा कर गिर सकते है। सरकार ने अभी तक न तो कोई सर्वे करवाई है और न ही कोई मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है। ऐसे में वे किस तरह से अपने परिवार का पालन पोषण करेंगे।

---

> गांव बडेसरा में खूनी संघर्ष

## रास्ते को लेकर हुए झगड़े में युवक की मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा



मृतक मंदीप का फाइल फोटो

■ दूसरे पक्ष का युवक घायल पीजीआई में चल रहा इलाज

गांव बडेसरा में रास्ते को लेकर हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। इस संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे पक्ष का एक युवक घायल हो गए। घायल का पीजीआई रोहतक में उपचार चल रहा है मृतक युवक की पहचान 27 वर्षीय मंदीप पुत्र कर्मवीर निवासी गांव बडेसरा के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि 15-20 लोगों ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया।

पुलिस को दी शिकायत में बडेसरा निवासी कर्मवीर पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं दो लड़की एक लड़का मंदीप है। एक अक्टूबर को रात मेरा लड़का घर पर हाजिर था। गुमान उर्फ सचिन पुत्र हरपाल गाँव निमड बड़ेसरा गाड़ी लेकर आया और भैंस को साइड मारी, गाड़ी से और एक्सेलेटर दबाकर भैंसो को चमकाया और तेज आवाज में साउंड बजाया। जब हमने उसको रोका समझाया तो उसने गाली गलौच दी और सचिन ने अपने घर जाकर पूरे परिवार के साथ आकर गाली गलौच दी और डंडा लेकर आया और हमे डंडों से मारा जिसमें मन्दीप व कमलेश को ज्यादा चोट लगी और मन्दीप मौके पर ही बेहोश हो गया और 10 मिनट मन्दीप को होश आया। बाद में हम उसको उपचार के लिए सीएचसी गोपी ले जाकर इलाज कराया। और ज्यादा चौट होने की बजह सिविल अस्पताल दादरी रैफर कर दिया तथा दादरी से पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर दादरी के सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौप दिया।

## दो लुटेरों को 10-10 साल की कैद और जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



अदालत ने गाड़ी चालक से मारपीट करके पैसे छीनने के दो आरोपियों को दस-दस साल की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर 36500-36500 रुपये का जुर्माना किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सज्जन निवासी जूई खुर्द ने थाना जूई कला पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 20 नवम्बर को अपनी गाड़ी में हिसार से वापस जूई खुर्द के लिए आ रहा था जो जुई खुर्द में मंदिर के पास पहुंचने पर एक बोलेरो गाड़ी में सवार दो लड़कों ने बोलोरो को शिकायतकर्ता की गाड़ी के आगे लगा दिया और शिकायतकर्ता के साथ मारपीट करके 60,000 छीन लिए। शिकायत पर पुलिस ने थाना जुई खुर्द में दर्ज किया था। थाना जुई खुर्द के द्वारा आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। न्यायालय के द्वारा अभियोग के ट्रायल के दौरान आरोपीयों को दोषी पाते हुए प्रत्येक आरोपी को 10-10 वर्ष की कैद व जुर्माना लगाया है। न्यायालय के द्वारा आरोपी सोमबीर पुत्र होशियार सिंह निवासी जूई बिचली जिला भिवानी व सतेंद्र पुत्र करण सिंह निवासी जूई बिचली जिला भिवानी को सजा व जुर्माना लगाया है।

### लता मंगेशकर की याद में राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता दो को

**भिवानी।** शिक्षा एवं कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माउंटेन स्कूल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा विश्व प्रसिद्ध पाश्र्व गायिका लता मंगेशकर की याद में दो नवंबर को राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाना व छिपी प्रतिभाओं को सामने लाना है। ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक घनश्याम शर्मा, अध्यक्ष बंसत शर्मा व संयोजक अनिल शर्मा वत्स ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले चरण में प्रत्येक प्रतिभागी को एक प्रस्तुति देनी होगी।

पहले चरण से पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को दूसरे चरण के लिए एक-एक अतिरिक्त प्रस्तुति देनी होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी स्टार मेकर व किसी भी वाद्य उपकरण की सहायता से गायन करता है। कार्यक्रम का आयोजन जूनियर व सीनियर दो समूहों में किया जाएगा। 14 वर्ष की आयु तक के प्रतिभागियों को जूनियर तथा इससे अधिक आयु के प्रतिभागियों को सीनियर ग्रुप में रखा गया है। प्रत्येक प्रस्तुति के लिए अधिकत्तम तीन मिनट का समय दिया जाएगा।

---

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष: शस्त्र पूजन कर शहर में निकाला पथ संचलन

# समरसता बढ़ाने में आरएसएस की भूमिका अहम: गौत्तम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

विजय दशमी पर्व के मौके पर लाल बहादुर शास्त्री पार्क में राष्ट्रीय सेवक संघ ने अपना शताब्दी वर्ष मनाया। स्वयं सेवकों ने संघ संस्थापक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन किया। ढोल और मंजीरा की धुनों पर शहर में पथ संचलन निकाला और स्वयं सेवकों ने भारत माता की जय और संगठन गढे चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो के नारे लगाए। शस्त्र पूजन और पथ संचलन कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया तथा बाल स्वयं सेवकों में भी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षा अधिकारी गौतम कुमार ने की जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मलवाणा धाम के सोमवीर भक्त ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में जिला बौद्धिक प्रमुख अमित कुड़ल ने संघ के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया।

बता दें कि स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर शहर के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के साथ साथ युवाओं और बाल स्वयं सेवकों में भी उत्साह देखने को मिला तथा सुबह आठ बजे से ही संघ के गणवेश अर्थात खाकी पैंट, सफेद शर्ट, सिर पर काली टोपी, पैरों में काले जूते पहने और हाथों में दंड लिए स्वयं सेवकों का शास्त्री पार्क में आवागमन शुरू हो गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन के साथ किया गया। गौतम कुमार ने कहा कि स्वयं सेवक संघ ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए देश ही नही विदेशों में भी हिंदुत्व को बढावा दिया। यहीं नही सामाजिक बुराइयों के खिलाफ और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में संघ की भूमिका सबसे अहम रही है। मुख्य अतिथि सोमवीर भक्त ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को वेद, उपनिषद और पुराणों की जानकारी होनी चाहिए।



### बाल स्वयंसेवकों में दिखा उत्साह

गुरुवार को आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम में जहां 60 से अधिक आयु के स्वयं सेवकों के साथ साथ बाल स्वयंसेवकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह जितेंद्र जिंदल, सह खंड कार्यवाह विवेक शेखावत तथा खंड बौद्धिक प्रमुख प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में पथ संचलन किया गया। आगे-आगे भगवा ध्वज की पताका लहरा रही थी और पीछे-पीछे हजारों स्वयंसेवकों का कारवां चल रहा था। कार्यक्रम में कमलेश भोड़ुका, ईश्वर सिंह शेखावत, नरेश ठुकराल, जितेंद्र जांगड़ा, बार प्रधान राजेश भारद्वाज, एडवोकेट संजय नेहरा, राजेश चहड़िया, सुभाष सैनी, संजय जांगड़ा, नपा चेयरमैन प्रदीप तायल, विपिन सैनी, वासु मतानी, पार्षद जयसिंह सैनी, सुनील, एडवोकेट कैलाश सैनी व रामपाल राठौड़, राजीव वत्स, मुकेश शर्मा, बाल स्वयं सेवक समर्थ भारद्वाज, जिला उप प्रमुख प्रतिनिधि संजय जांगड़ा, रामसिंह सैनी आदि ने हिस्सा लिया।



## डॉक्टर बृजपाल सिंह पप्पू बने हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के प्रधान, 399 मतों से मिली जीत

**भिवानी।** सन 2000 में गठित हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा का पहली बार प्रधान चुनाव द्वारा तय किया गया। रिटायर्ड आईएएस आरपी सिंह एवं सहयोगियों द्वारा बनाई गई सभा में पिछले 25 वर्षों से प्रधान सर्वसम्मति से चुना जाता था परंतु इस बार यह है चयन मतदान द्वारा संपन्न हुआ। प्रधान पद के लिए डॉक्टर बृजपाल सिंह पप्पू एवं पूर्व वायु सैनिक नेत्रपाल सिंह तंवर में अपना नामांकन दाखिल करवाया था मतदान में 472 मत डॉक्टर बृजपाल सिंह पप्पू एवं 73 मत नेत्रपाल सिंह तंवर को प्राप्त हुए। इस जीत पर विजेता प्रधान डॉक्टर बृजपाल सिंह पप्पू ने कहा कि वह राजपूत समाज के लिए दिन-रात कार्य करेंगे जिसमें राजपूत युवाओं को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मतदान में ठाकुर लाल सिंह ओमवीर सिंह तंवर, ईटीओ सुरेंद्र परमार, परमजीत मडडू, रामकिशन हालवासिया, यातायात प्रबंधक भरत सिंह परमार, बीईओ शिवकुमार तंवर, सीआईडी इंस्पेक्टर सुनील तंवर, आजाद रेवाड़ी, खेल शिक्षक विनोद पिंकु,कर्मवीर तिगड़ाना, एडवोकेट चंद्रपाल चौहान, पीठासीन अधिकारी योगेन्द्र चौहान, पुर प्रधान कँवरपाल ईटीओ, दीपा तंवर आदि ने हिस्सा लिया।



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री


# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विजिट कर सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

*(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिजाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण :** -

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

## गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदतः लोग दूसरों की “परफेक्ट” ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत जिम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

## सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### बंशी की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बाढड़ा।** गांव डाडमां में इंडियन नेशनल लोकदल पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बंशी ठाकुर डांडमा की माता ७९ वर्षीय मिश्री देवी का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। उनके उनके निधन पर उनके निवास स्थान पर पुर्व विधायक रणवीर सिंह मंदोला, रामअवतार बाढड़ा, पुर्व चेयरमैन मुख्तयार नाई, इनैलो पार्टी के जिला अध्यक्ष सुबे सिंह अटेला, महेंद्र सिंह जाखड़, अनिल मकड़ानी, पुर्व विधायक कर्लन छिलर आदि ने शोक व्यक्त किया।

### 6 विद्यालयों के 60 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया

**तोशाम।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नई शिक्षा नीति-2020 के अनुसार वैल्यूज एजुकेशन विषय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ जिसमें छः विद्यालयों के 60 स्टाफ सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण में रिसॉर्स पर्सन निशु एस. रानी और सुकाँत ने सभी स्टाफ सदस्यों को विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया और कक्षा में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल परक शिक्षा प्रदान करने की कला से अवगत करवाया।

### मंदबुद्धि व्यक्ति को परिवार से मिलाया

**बहल।** 7 सितंबर 2025 को बहल पुलिस को मोहसिन नाम का एक लड़का जो मंदबुद्धि उस को मानव सेवा घर अनाथ आश्रम में छोड़कर गए जो कि उसके परिवार से सोशल मीडिया के माध्यम से कर्मवीर सारसर ने यूपी के शाहजहांपुर गांव में परिवार को खोज निकाला परिवार अपने बच्चे से मिलकर बहुत बड़ा खुश हुआ। डॉ दिलबाग अनाथ आश्रम के संचालक व कर्मवीर सारसर की बड़ी प्रशंसा करते हुए बड़ी अपने बच्चों को गले लगाया परिवार ने कहा आप ऐसे बिछड़े हुए लोगों को मिलाते रहे भगवान आप पर आशीर्वाद बनाए रखें आश्रम ने पहली बार किसी अनाथ को अपने अपने परिवार से मिलाया।

### खरीद प्रक्रिया पारदर्शिता से करें अधिकारीः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में बाजरे की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने फसल खरीद से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाजरा खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतें। मंडियों में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का बाजरा खरीदें। डीसी गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक मंडी में एक एंजेसी ही बाजरे की खरीद करे।

### विद्यार्थियों ने राम आएंगे भजन पर दी प्रस्तुति

**लोहारू।** लोहारू में आदर्श रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे रामलीला मंचन के दसवें दिन आकर्षक रामलीला मंचन किया गया। रात करीब 12:30 बजे रावण के वध के साथ रावण के 40 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इससे पहले रामलीला मंचन में कुंभकरण वध, मेघनाद वध, अहिरावण वध का भी मंचन किया गया। रामलीला मंचन के दसवें दिन ठुकराल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राम आएंगे भजन पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

### ग्रामीणों ने त्रिवेणी सहित 16 अन्य पौधे किए रोपित

**भिवानी।** पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से त्रिवेणी बाबा के सान्निध्य व पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में गांधी जयंती व विजय दशमी के उपलक्ष्य में गांव झुंपाकलां स्थित बाबा श्याम बगीची में पौधरोपण किया। इस दौरान एक त्रिवेणी सहित 16 अन्य पौधे रोपे, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों की जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रिटायर अधीक्षक दर्शनानंद नेहरा व पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि पौधरोपण करना समय की मांग है। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वच्छता और प्रकृति प्रेम के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

### भक्ति में सच्ची भावना ही सबसे महत्वपूर्ण : साध्वी

# श्रीराम का वनगमन प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

सतयुग में लोग अपने वचनों के पक्के और धर्मपालक होते थे: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हालवास गेट स्थित लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल के सभागार में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा महायज्ञ का छठा दिन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल योगिनी संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी महाराज ने इस अवसर पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता के वन गमन तथा केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। साध्वी करुणागिरी ने बताया कि कैकेयी ने राजा दशरथ से अपने दो वचन मांगे, जिनमें एक शर्त के अनुसार अयोध्या का राज्य भरत को मिलना था और दूसरी शर्त के अनुसार भगवान श्रीराम को 14 वर्षों के लिए वनवास जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस प्रसंग से समाज को यह संदेश मिलता है कि सतयुग में लोग अपने वचनों के पक्के और धर्मपालक होते थे। भगवान राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए न केवल मर्यादा स्थापित की बल्कि यह भी सिखाया कि परिवार और समाज में अनुशासन तथा धर्म के मार्ग पर चलना ही सच्चा आदर्श है। कथा व्यास ने केवट प्रसंग को बड़े ही भावनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जब भगवान श्रीराम वन गमन के दौरान गंगा किनारे पहुंचे तो केवट ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ उन्हें नाव में बैठाया और उनके चरण धोकर उस जल को अपने परिवार पर छिड़का। यह प्रसंग यह दर्शाता है कि भक्ति में सच्ची भावना ही सबसे महत्वपूर्ण है, चाहे व्यक्ति का सामाजिक स्तर कुछ भी क्यों न हो। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्ति, संगीत और भावनाओं से सराबोर रहा। साध्वी करुणागिरी ने समाज से आह्वान किया कि हमें भी अपने जीवन में वचन, सत्य और मर्यादा का पालन करते हुए समाज में आदर्श स्थापित करना चाहिए।



भिवानी। आयोजित रामकथा के दौरान कथा सुनाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कथा आयोजक प्रधान त्रिलोक चंद गोयल, रमेश हेतमपुरिया, उप-प्रधान आनन्द प्रकाश गोयल, दीपक जोशी, अजय बंसल, सतीश गोयल, वेद प्रकाश, दीपक बंसल, महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल, तेजभूषण शास्त्री, रवि कुमार गोयल, मुकेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सतीश, सुशील बवानी वाला, सुरेश सराफ, डॉ. नरेंद्र शर्मा, कैलाश गुप्ता, विनोद मिर्ग, ब्रिजेश गुप्ता, संजय अग्रवाल, ललित मोदी, अजय लुहारी वाला, राहुल, रामानंद, सीमा गोयल, संचित जैन, निश्चल गोयल, ऐश्वर्या रामानंद सिंहल और सामाजिक कार्यकर्ता अशोक भारद्वाज सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

# 91 विद्यार्थियों को मिली सफलता

- एनडीए में आरपीएस का शानदार प्रदर्शन रही

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था , जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई दी।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

#### इन्हें मिली सफलता

एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, ईशांत, खुशी, रोबिन, रोहन, रूद्रा बल, सुजल, यश यादव, पुल्कित आदि शामिल हैं।

# बीपीएस की पूर्व छात्रा ने मुक्केबाजी में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा मुक्केबाज नूपुर श्योराण ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपने स्कूल, शहर और देश का नाम रोशन किया है। नूपुर ने 80 किग्रा प्लस भारवर्ग में पोलैंड में अपने अद्वितीय कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। विद्यालय में नूपुर की जीत के जश्न में ढोल बजाए गए। नूपुर की जीत से प्रेरित होकर विद्यार्थियों और युवा खिलाड़ियों को भी उनसे प्रेरणा लेने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है।

**नूपुर का अगला लक्ष्य ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना**





भिवानी। मुक्केबाज नूपुर श्योराण को सम्मानित करते। *फोटो: हरिभूमि*

### मिड-डे मिल वर्कर्स ने मांगों को लेकर की बैठक

**बाढड़ा।** मिड डे मील वर्कर्स ने न्यूनतम वेतन बढ़ौतरी, पक्की नौकरी, बकाया भुगतान, पेंशन लाभ आदि मांगों के लिए मड-डे मील प्रधान राकेश देवी की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान कमलेश भैरवी, जिला सचिव सुमेर सिंह धारणी, कोषाध्यक्ष राजकुमार घिकाडा ने कहा कि आज मिड डे मील वर्करो की ऑनलाइन बैठक में अनेक समस्याओं व भविष्य के संघर्ष के लिए रणनीति बनाई गई। इसमें सभी मिड डे मिल व अन्य कर्मियों की बाढडा में 11 अक्टूबर को लंबित मांगों को लेकर बैठक की जाएगी।

## भिवानी में हरियाणवी कलाकारों और सिंगरों में छिड़ेगा क्रिकेट का महासंग्राम



- जी लिट्रा वैली मैदान में चार दिवसीय हरियाणा यू-ट्यूब क्रिकेट लीग 11 से : अंकुश

**भिवानी।** जी लिट्रा वैली क्रिकेट मैदान में 11 से 14 अक्तूबर तक चार दिवसीय हरियाणा यू-ट्यूब क्रिकेट लीग शुरू होगी, जिसमें हरियाणवी मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियां हरियाणवी नाटक कलाकार और हरियाणवी सिंगर एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

प्रतियोगिता ना केवल खेल का जोश पैदा करेगी, बल्कि नशामुक्त हरियाणा, स्वदेशी अपनाओ और फिट फॉर भारत के महत्वपूर्ण संदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाएगी। इस अनूठे आयोजन में हरियाणवी मनोरंजन उद्योग के सभी प्रमुख कलाकार और सिंगर भाग लेंगे, अब तक सात टीमें अपना पंजीकरण करवा चुकी हैं। प्रतियोगिता की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कलाकारों को लेकर कलाकारों की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

# मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

शुक्रवार को इंडियन नेशनल लोकदल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने किसानों के समर्थन में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम रवि कुमार मीणा को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से इनेलो पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने मांग की की प्रदेश में बाजार खरीद में की जा रही धांधली के कारण हो रही लूट की ओर प्रदेश सरकार को ध्यान देना चाहिए। उनका कहना था कि किसानों द्वारा मंडीयों में बाजरा ले जाने के बावजूद सरकारी एजेंसियां खरीद तक नहीं कर रही जिसके कारण किसानों को अपनी फसल औने- पोने भाव पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



तोशाम। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### 900 से 1000 प्रति क्विंटल की लूट

उन्होंने बताया कि तोशाम अनाज मंडी में बाजरा 1700 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल भाव लगाया जा रहा है लेकिन सरकार का एमएसपी रेट बाजरा खरीद 2775 रुपए प्रति क्विंटल का भाव है। जिससे किसान के साथ 900 से 1000 रुपए तक प्रति क्विंटल की लूट की जा रही है।



## धार्मिक अनुष्ठानों के साथ दादी जीण माता मंदिर निर्माण शुरू

**बहल।** बहल क्षेत्र के पातवान गांव में दादी जीण माता मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया। वरिष्ठ नागरिक ज्ञानीराम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मंदिर की नींव रखने से पहले विधिपूर्वक पूजा की गई। पंडित सतवीर व श्याम मनोहर ने वेद मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण की नींव डाली। इस दौरान गांव के जयबीर एवं अजय ने सहयोग राशि की घोषणा की और पंडितों के साथ नींव रखने की प्रक्रिया संपन्न की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुरजभान, ज्ञानीराम, प्रदीप, राजेश, रतन सिंह, जयबीर, सुरेश, सुमेर भगत, रमेश, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को किया जागरूक

- गोलागढ़ स्थित राजकीय स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गोलागढ़ स्थित राजकीय वमा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सह-कार्यक्रमों के समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय ढंग से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवा के लक्ष्य गीत से प्रारंभ किया। प्राचार्य डॉ. मनोज भारद्वाज ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। विभिन्न विषयों पर प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

#### जागरूकता रैली निकाली

इस अवसर पर संस्कृत अध्यापक डॉ. मुकेश कुमार ने अनुशासन, अर्थशास्त्र प्रवक्ता कृष्णा ने कानूनी जागरूकता, इतिहास प्रवक्ता संतोषी ने पर्यावरण संरक्षक, हिंदी प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने नशामुक्ति व डॉ. राजपाल सिंह नागर ने मानवाधिकार एवं सड़क सुरक्षा पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों जैसे स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली तथा विशेष व्याख्यानों का विवरण प्रस्तुत किया । कक्षा 11वीं की पूजा ने नारी सशक्तिकरण व साक्षी ने नशामुक्ति पर कविता प्रस्तुत की। कक्षा 12वीं के संजू ने अनुशासन विषय पर संस्कृत में प्रभावी भाषण दिया। प्राचार्य डॉ. मनोज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी व अनुशासन के मूल्यों को विकसित करते हैं।

### विजय दशमी एवं गांधी-शास्त्री जयंती पर किया पौधारोपण

**बवानीखेड़ा।** कस्बा बवानी खेड़ा में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विजय दशमी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री के नेतृत्व में शहीद गुलाब सिंह पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और हरित पर्यावरण को बढ़ावा देना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि महात्मा गांधी और शास्त्री ने हमेशा स्वच्छता, सादगी और सेवा को सर्वोपरि रखा। आज का यह पौधारोपण उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार पौधे लगाए गए।

## सबको मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभः उपायुक्त

उपायुक्त ने पत्रकारों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देशानुसार जिले में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों को राहत देने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। जिले के विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने शुक्रवार को विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता में जिले के विकास से जुड़ी अहम जानकारी साझा करते हुए ये बात कही। इस अवसर पर एसडीएम आशीष सांगवान, नगराधीश प्रीति रावत व जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी संदीप कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिले में एक जिला एक उत्पाद के लिए बाढड़ा क्षेत्र को चुना है ताकि किसानों की अच्छी आमदनी हो सके। उन्होंने बताया कि बाढ़ड़ा मिनी सचिवालय में जल्द ही कार्यालय स्थापित करवाए जाएंगे, जिससे आम-जन को सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि दादरी में बनाए जा रहे नए लघु सचिवालय का कार्य शीघ्र ही पूरा करवाया जाएगा। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा 2024-25 में 11 सड़कों में से 10 का कार्य पूरा हो चुका है। समसपुर से भागवी रोड का कार्य प्रगति पर है।



चरखी दादरी। पत्रकारों को जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की जानकारी देते उपायुक्त।

#### नहीं होगी समस्या

उपायुक्त ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने इस मौके पर किसानों व आढ़तियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मंडियों में किसी भी प्रकार की बारदाने, टोकन आदि संबंधित समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल कल्याण द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटी के जन्म पर आर्थिक सहायता दी जा रही है।

**वार्षिकोत्सव** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह

# शिवकुमार को छोगमल चौधरी बेस्ट ब्वॉय व सानिया को रेणुदेवी चौधरी मेमोरियल बेस्ट गर्ल अवार्ड मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल बहल का 38वां वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह स्वामी विवेकानंद सभागार में बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. जगबीर सिंह ने कहा कि "ज्ञान की प्यास कभी बुझनी नहीं चाहिए, जीवन में निरंतर सीखते रहना ही प्रगति का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि संस्कारों की महत्ता सर्वोपरि है और युवा ही वर्तमान व भविष्य दोनों के राष्ट्रनिर्माता हैं। विशिष्ट अतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार शर्मा ने "संकल्पेन अर्हता सम्पादनम्" का उल्लेख करते हुए कहा कि "संकल्प, इच्छा शक्ति और धैर्य ही सफलता की कुंजी हैं।



भिवानी। बहल के बीआरसीएम स्कूल के वार्षिकोत्सव में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो: हरिभूमि*

#### इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम में हिंदी अध्यापिका चंचल गांधी को श्रीराजनारायण तिवारी शिक्षक सम्मान, भोमसिंह पूनिया, श्रवण कुमार बेस्ट टीचर अवार्ड व ललिता क्लीनर को दीर्घकालीन सेवा सम्मान सेवा प्रशस्ति पत्र दिया। शिवकुमार को छोगमल चौधरी मेमोरियल बेस्ट बॉय अवार्ड, सानिया को रेणु देवी चौधरी मेमोरियल बेस्ट गर्ल अवार्ड, राघव वशिष्ठ को हरिकिशन चौधरी बेस्ट बॉय अवार्ड, स्नेहलता को उर्मिला चौधरी बेस्ट गर्ल अवार्ड दिया। इसके अतिरिक्त एनसीसी, एनएसएस तथा स्काउट्स एवं गाइड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। टैगोर सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन की ओवरऑल ट्रॉफी दी। मंच संचालन राघव वशिष्ठ, हंसूजा चौधरी, स्नेहलता और किंजल ने किया।

### साइकिल रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों का एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या संतोष भाकर ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। साइकिल रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर एवं आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और गांधीजी के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार, नवीन काजल, वीरेंद्र, मोहित यादव, हरदीप कृष्ण रोहिल्ला, विनोद कुमार, सत्यवान, रवींद्र सहित अन्य अध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**दि भिवानी केन्द्रीय सहकारी बैंक लि. शाखा बहल**

**आवश्यक सूचना**

शाखा बहल के निष्क्रिय खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि जिन खाता धारकों ने अपने खाते में 10 वर्ष से कोई लेन देन नहीं किया है वे अपने खातों को ई-केवाईसी करवा कर पुनः चालू करवाएं, अन्यथा रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार उनके निष्क्रिय खातों की राशि को रिजर्व बैंक को भेज दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए शाखा प्रबंधक, बहल से सम्पर्क करें - 9053071036

## खबर संक्षेप

### सात रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** प्रत्येक व्यक्ति को समाजसेवा में अपना हरसंभव सहयोग देना चाहिए। रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, क्योंकि दान में दी गई रक्त की चन्द बूंदें किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती हैं, ये बात शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने युवाओं को विभिन्न मरीजों को रक्तदान करते हुए कही। अलग - अलग ब्लड ग्रुप के ब्लड की जरूरत पड़ी तो तेजभूषण, सोनू, सुनील, जितेंद्र, मोनू, रफीक धनाना व राहुल ने ब्लड बैंक में आकर निःस्वार्थ रक्तदान किया।

### यूनिवर्सिटी के लिए सरकार को दी जमीन

**चरखी दादरी।** झोझूकलां की पंचायत ने यूनिवर्सिटी के लिए सरकार को 93 कनाल 16 मरले जमीन देने का प्रस्ताव किया है। सरकार ने पंचायत से 12 एकड़ की डिमांड की थी, जिसके बाद ये निर्णय लिया। सरपंच अशोक बंटी ने कहा कि यूनिवर्सिटी बनने के बाद जिले के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी।

### 192 ग्राम अफीम व डोडा पोस्त सहित चालक काबू

**चरखी दादरी।** सीआईए स्टाफ ने 192 ग्राम अफीम और 1.187 किलो डोडा पोस्त सहित ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता योगेश ने बताया कि एएआई विशाल की टीम गस्त पर भंडाव गांव में मौजूद थी। उस दौरान सूचना मिली कि झज्जर जिले का गांव नौगांवा निवासी अमन नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है और अब ट्राला लेकर लोहारु की तरफ से दादरी जाएगा। पुलिस ने गांव लाड के समीप नाकाबंदी शुरु की।

### साइबर अपराध रोकने के प्रति किया जागरूक

**भिवानी।** शुक्रवार को राज्य के रेलवे पुलिस भिवानी के द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे के दिशा निर्देश पर रेलवे स्टेशन भिवानी पर आने जाने वाले यात्रियों को साइबर अपराध रोकने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को इससे बचने के प्रति जागरूक किया गया। उनको यह भी बताया गया कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी वी एप्लीकेशन तथा लिंक शेयर न करे। इस तरह की जानकारी शेयर करने से ही अपराधी प्रवृति के लोग आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते है।

# एसडीएम मीणा ने की भूरटाना, डाडम, सरल, बागनवाला खरकड़ी आदि गावों के खेतों की गिरदावरी की पड़ताल

**खेतों में खड़ी फसल का राजस्व विभाग के सजरा के साथ मिलान किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीम रवि मीणा (आईएएस) गावों में जाकर गिरदावरी का निरिक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एसडीम ने गिरदावरी का भूरटाना, डाडम, सरल, बागनवाला, खरकड़ी आदि गावों के खेतों में जाकर खरीफ फसलों में हुई खराबे की गिरदावरी की पड़ताल की। उन्होंने खेतों में खड़ी फसल का राजस्व विभाग के सजरा के साथ मिलान किया। गिरदावरी पड़ताल के दौरान मौजूद किसानों ने फसल में हुए नुकसान की विस्तार से जानकारी दी और उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की। वहीं एसडीएम ने किसानों को सही गिरदावरी किए जाने के प्रति आश्वस्त किया।

## किसानों ने सर्वे कंपनी पर कई आरोप लगाए

गिरदावरी पड़ताल के दौरान मौजूद किसानों ने बताया कि फसलों में नुकसान का सर्वे करने वाली कंपनी सही ढ़ंग से नुकसान का आकलन नहीं दिखा रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान होगा। किसानों ने मांग करते हुए कहा कि सर्वे कंपनी द्वारा की गई क्रॉप कटिंग की जांच करवाई जाए और फसलों में हुए नुकसान को सही दर्ज करवाया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान ना हो। किसानों ने प्रशासन के माध्यम से ही नुकसान का आंकलन करवाने की मांग की। एसडीएम ने गिरदावरी की पड़ताल के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को नुकसान होने पर किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है। ऐसे में समय पर और सही गिरदावरी किसानों के लिए राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है।


**तोशाम।** गिरदावरी की पड़ताल करते एसडीएम।

### अब भी पानी भरा

ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि उपमंडल में सैकड़ों एकड़ खेती की भूमि पर अब भी पानी भरा हुआ है। फसलों में हुए खराबे के साथ-साथ बेसहारा पशुओं द्वारा फसलों में किए जाने वाले नुकसान का आकलन करवाया जा रहा है। इस मौके पर तोशाम के तहसीलदार जयबीर सिंह, नायब तहसीलदार अशोक कुमार, कानूनगो राजेन्द्र जाखड़, कानूनगो कुलदीप सहित राजस्व विभाग के संबंधित पटवारी व कानूनगो मौजूद रहे।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने बताया कि गिरदावरी में पटवारी किसानों से खेत में बिजाई की गई फसल की जानकारी लेता है, इसके लिए पटवारियों को सरकार की ओर से जो टैब उपलब्ध कराए गए हैं, उसमें मौके पर जाकर गिरदावरी का डाटा ऑनलाइन फीड किया जाता है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे गिरदावरी में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरतें। किसानों की फसलों में हुए नुकसान की तभी सही भरपाई होगी जब गिरदावरी सही ढ़ंग से होगी।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव को नागरिक रहें जागरूक :डीसी

- साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930 हेल्पलाइन

**चरखी दादरी।** डीसी डॉ मुनीश नागपाल ने कहा आधुनिक तकनीक के चलन में साइबर अपराधों से बचाव के लिए नागरिक जागरूक-सतर्क रहें और किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें, क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है, तभी साइबर अपराध को रोकने की संभावना ज्यादा जल्दी होती है।

## खरीद की देरी का सबसे अधिक खामियाजा किसानों को हो रहा

# मंडी में बाजरे की खरीद न होने पर आढ़तियों ने रोष जताया

**किसानों को जल्द खरीद का आश्वासन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

कस्बे की अनाज मंडी में मंडी आढमियों ने एकत्रित होकर रोष जताते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण किसानों के अनाज की खरीद शुरु नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि पहले तो बरसात ज्यादा होने के कारण बाजरे मे कालापन आ गया तो उस पर नियम लगाकर देरी से खरीद करना किसानों के साथ भद्दा मजाक है जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहाकि जल्द ही खरीद नहीं हुई तो किसानों के साथ आढती भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा व आढती मंजीत नांधा, अनिल कुमार आदि ने कहा कि सरकार की खरीद की देरी का सबसे अधिक खामियाजा बाजरा उत्पादित दक्षिणी हरियाणा को भुगतना पड़ रहा है। मौजूदा खरीफ सीजन 2025 में सरकार ने बाजरे की खरीद के लिए तीन बार समयावधि तय कर एक लाख से अधिक एकड़ बाजरा उत्पादक किसानों से मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करवाया है जिसको जल्दी बेचने के लिए भीड़ बनी हुई है। फसल खरीद में देरी व किसानों की समस्या को देखते हुए खरीद कार्य में तेजी बरतने की अपील की। आढती मंजीत नांधा, अनिल कुमार, विक्र म आदि ने बताकि पिछले 10 दिनों से अनाज मंडी में किसानों काबाजरा आया हुआ है लेकिन अभी तक कोई बाजरा खरीद के लिए नहीं आया है।


**बाढड़ा।** मंडी में बाजरे की स्टॉक दर्ज करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### खरीद को लेकर किसान कर चुके प्रदर्शन

किसानों का बाजरा खरीद नहीं होने पर किसानों ने एक अक्टूबर को कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम आशीष सांगवान को मुख्य मंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। युवा किसान नवीन, आनंद वालियां, संदीप,नवीन डांडमा आदि ने बताया कि प्रदेश का किसान आज बुरी दशा में है। ना तो सयम पर डीएपी खाद मिल रही है ना ही समय पर बाजरे की खरीद नहीं हो रही है।

### शर्ते लगाकर आमजन को किया जा रहा परेशान

पूर्व विधायक व कांग्रेसी नेता सोमवीर श्योराण ने कहा कि सरकार पहले तो भारीभीरकम प्रीमियम जमा करवा लेती है फिर नुकसान की भरपाई के नाम पर शर्तो थोप देती है। आज बाढड़ा, दादरी, झोझूकलां में बाजरे के ढेर लगे हैं लेकिन सरकार की शर्तो के कारण खरीद पर ही ग्रहण लग गया है।


**बाढड़ा।** खाद के लिए लाइनों में लगे किसान। *फोटो: हरिभूमि*

### चार हजार बैगों की आज होगी आपूर्ति, किसानों को मिलेगी राहत

**बाढड़ा।** उपमंडल क्षेत्र में डीएपी की आपूर्ति में देरी के बाद अब प्रशासन सजग हो गया है और सभी पै1स केन्द्रों के माध्यम से आपूर्ति व वितरण में तेजी पकड़ ली है। पिछले सप्ताह की आवक डीएपी के वितरण के दौरान ही मौजूदा सप्ताह में दो सौ मिट्रिक टन यानि चार हजार बैग पहुंच जाऐंगे। इनका शनिवार व सोमवार को किसानों को वितरण करने की योजना है। प्रदेश के सहकारिता विभाग ने बाढड़ा उपमंडल सहित दादरी जिले में अगस्त माह से लगातार डीएपी की आपूर्ति की है जिसके बावजूद अभी तक कई पैक्स केन्द्रों पर डीएपी नहीं पहुंच पाई है। इसके कारण किसानों को दूसरे केन्द्रों पर दर -दर भटकना पड़ रहा है वहीं अब उपायुक्त ने राजस्व विभाग के पटवारियों, कृषि विभाग व सहकारिता विभाग से एक कमेटी गठित कर हर वंचित किसान तक डीएपी उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है जिसके बाद अब हर पैक्स तक डीएपी पहुंचाने के लिए प्रशासन ने पूरी कमर कस ली है। बाढड़ा उपमंडल मुख्यालय पर पांच हजार बैगों की आपूर्ति होने के अलावा जेवली, चांदवास में पर्याप्त आपूर्ति हो चुकी है वहीं कारी धारणी, धनासरी, कादमा, हुई आदि एक दर्जन पैक्स केन्द्रों पर अभी तक मात्र दस से बीस प्रतिशत डीएपी की आवह हुई है।


**लोहारू।** अपनी मांगो को लेकर एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन देते हुए धरनारत किसान। *फोटो: हरिभूमि*

**अनिश्चितकालीन महापड़ाव का 80वां दिन**

# मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

- किसानों ने 15 को जल संसाधन व बाल विकास मंत्री मंत्री श्रुति चौधरी के कैंप कार्यालय का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा लघु सचिवालय परिसर में चल रहे अनिश्चितकालीन महापड़ाव के 80वें दिन धरने को संबोधित करते हुए मास्टर जगरोशन ने कहा कि कपास बीमा क्लेम 2023 के 350 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए किसान 15 अक्टूबर को भिवानी में नेहरू पार्क में सैकड़ों किसान एकत्रित होकर जल संसाधन व बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के कैंप कार्यालय का घेराव करेंगे। मेवा सिंह आय ने धरने को संबोधित करते हुए डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग करते हुए सरकार से सभी सहकारी समितियों में मांग के अनुसार खाद उपलब्ध करवाएं। आजाद सिंह भूंगला ने कहा कि किसानों ने 2019 से ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए दो लाख से तीन लाख रुपए जमा करवा रखें हैं अभी तक उनके कनेक्शन नहीं हुए हैं ट्यूबवेल कनेक्शन तुरंत प्रभाव से जारी करें। बाढग़्रस्त इलाकों से जल निकासी की व्यवस्था करें और क्षतिपूर्ति राशि के रूप में पचास हज़ार प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए।

### इन्होंने संबोधित किया

आज के महापड़ाव को शेर सिंह झांझड़ा हसनपुर, रोहतास झुंपा खुर्द, महताब फरटिया, बलवान सिंह बैराण, श्याम प्रकाश मोरका,जय सिंह गिगनाऊ, नरेन्द्र फरटिया, हवासिंह खरकड़ी, मीर सिंह ओबरा, राम सिंह शेखावत, सुमेर सिंह गिगनाऊ, महावीर ढाणी लाल पुर, राम धन हसन पुर और हरचंद नेहरा ने संबोधित किया। किसानों ने नहरी पानी के दफ्तर को लोहारू में ही रखने के लिए उपमंडल अधिकारी लोहारू को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर अनेक किसान मौजूद रहे।

### भगवान वाल्मीकि तीर्थ के लिए रवाना हुई यात्रा

- 7 अक्टूबर को जल व झंडा लेकर यात्रा लौटेगी तोशाम

**तोशाम।** शुक्रवार को स्थानीय भगवान वाल्मीकि मंदिर से वाल्मीकि तीर्थ अमृतसर के लिए एक प्रतिनिधिमंडल यात्रा लेकर रवाना हुआ। जोकि यह यात्रा आगामी 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वापस तोशाम पहुंचेगी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सुनील बागड़ी ने बताया कि यह यात्रा शुक्रवार 3 अक्टूबर को तोशाम से चलकर अमृतसर के भगवान वाल्मीकि तीर्थ पहुंचेगी। वहां से भगवान वाल्मीकि ध्वज तथा जल लेकर वापिस आगामी 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर तोशाम के भगवान वाल्मीकि मंदिर में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि तोशाम से अमृतसर और अमृतसर से तोशाम की उनकी यह चौथी यात्रा है। सुनील बागड़ी का कहना था कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भगवान वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा देना है। युवाओं को भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए जिससे युवाओं में अच्छे संस्कार आएं और युवाओं का जीवन पूरी तरह से सुखमय बने।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



### 29 अक्टूबर से विस क्षेत्रों में होंगे सांसद खेल महोत्सव

**लोहारू।** 25 अक्टूबर से भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमे लिए 29 अगस्त से सांसद खेल महोत्सव के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोर्टल भी लॉंच किया है। जिसके तहत सबसे पहले दादरी विधानसभा क्षेत्र के रानीला गांव में 25 अक्तूबर को स्कूल खेल मैदान में खेलों का आयोजन किया जाएगा। भिवानी चरखी दादरी कॉ आपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन व सांसद खेल महोत्सव के इवेंट कॉआर्डीनेटर सुधीर चांदवास, खेल आयोजन समिति के सदस्य राजेश चहडिय़ा, महिपाल बड़दु और आजाद सिंह दमकोरा ने यह जानकारी संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता के दौरान दी।

# सर्वम इंस्टीट्यूट में छात्रों को किया सम्मानित

**सर्वम इंस्टीट्यूट में सम्मान समारोह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

शुक्रवार को सर्वम इंस्टीट्यूट में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इंस्टीट्यूट निदेशक अमित मोठसरा ने बताया समारोह में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी सत्र 2025 की घोषित लिखित परीक्षा परिणाम में सर्वम इंस्टीट्यूट के दो छात्र गांव रावलधी निवासी सक्षम पुत्र हकीम अली व रेहान पुत्र संजय ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर संस्थान व गांव का नाम रोशन किया है। इंस्टीट्यूट के सह निदेशक लुकेश ठाकुर ने दोनों विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि सर्वम इंस्टीट्यूट ने अल्प समय में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के रूप में अपने आपको स्थापित किया है। इससे पहले भी सर्वम इंस्टीट्यूट की तीन बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया है।


**चरखी दादरी।** विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

# बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा

- ड्रेन ओवर फ्लो का अभी भी बना हुआ है डर, ड्रेन कमजोर बर्म पर कट्टे लगाकर बनाया जाए मजबूत जिससे बंद हो लीकेज : ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

अखिल भारतीय किसान सभा तथा मजदूर संगठन सीटू का एक प्रतिनिधिमंडल सागवान गांव के पास से गुजर रही भिवानी घग्गर ड्रेन की स्थिति बारे जानकारी लेने पहुंचा। यह ड्रेन सागवान बलियाली रोड़ से पुराने बलियाली माईनर के बीच अभी भी ओवरफ्लो की स्थिति में चल रही है। इसी रास्ते पर ड्रेन ओवर फ्लो होकर टूटटी थी तथा सागवान गांव को डुबोया था। अब इसी दूरी में ड्रेन के सागवान साईड में ड्रेन की बर्म बिलकुल खत्म है, पानी का बहाव रोकने के लिए गांव व आस-पड़ोस के किसानों ने तीन हफ्ते पहले भारी संख्या में रेत के कट्टे लगाकर पानी के बहाव को रोका था।


**तोशाम।** ड्रेन का जायजा लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### ड्रेन ओवरफ्लो होने का खतरा

अब फिर ड्रेन ओवरफ्लो होने का खतरा पैदा हो गया है, कट्टों से पानी की लिकेज हो रही है। उपरोक्त दोनों संगठनों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल में किसान सभा के जिला उपप्रधान व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश, सीटू नेता सुखदेव पालवास, अभिषेक शर्मा, सागवान गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह के साथ ड्रेन की कमजोर स्थिति का खेतों में जाकर जायजा लिया और पता लगाया कि ड्रेन ओवरफ्लो होने से कैसे रोका जा सकता है। पीछे जो धनाना-समैण ड्रेन व तालु, मंढाना ड्रेन बापोड़ा आकर इसी भिवानी घग्गर में मिलती है।

**रोष** | कांग्रेस ने सरकार से की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू करने की मांग

# बाजरा व मूंग की बंद पड़ी सरकारी खरीद के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**भावांतर योजना का बहाना बनाकर स्वयं फसल की खरीद नहीं कर रही है सरकार**

- फसल खरीद के लिए नए यंत्र व खरीद एजेंसी के नए पैमानों लाकर किसानों को किया परेशान : जोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

किसानों की उपज बाजरा और मूंग की बंद पड़ी सरकारी खरीद को लेकर कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नई अनाजमंडी में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सरकार से तत्काल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद शुरू करने की मांग की और खरीद में देरी और तकनीकी बहानेबाजी को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों से एमएसपी पर अनाज खरीदने का बड़ा वादा करती है, लेकिन नए-नए यंत्र और खरीद एजेंसी के नए पैमाने लाकर किसानों को परेशान कर रही हैं। जोगी ने विशेष रूप से बाजरा खरीद के लिए मंडी कमेटी के दफ्तर में लाए गए कथित नए यंत्र का जिक्र किया। यंत्र क्वालिटी बेसिस पर लगभग सारा बाजरा रिजेक्ट कर रहा है।


**भिवानी।** बाजरा खरीद का जायजा लेते एवं प्रदर्शन करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, कमल सिंह प्रधान, सविता मान व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### किसानों को कर्ज व खर्चों के भुगतान को रुपये चाहिए

कांग्रेस नेता कमल सिंह प्रधान, सविता मान, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल व अजय घणघस ने भी प्रदर्शन में बोलते हुए कहा कि किसान मज़बूर है, उसे कर्ज और खर्चों के भुगतान के लिए रूपये चाहिए, इसलिए वह अपनी फसल बेचेगा ही, ऐसे में सरकार द्वारा खरीद बंद करना और भाव घटाना पूरी तरह से गलत है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि सरकार ने जल्द ही एमएसपी पर बाजरा और मूंग की खरीद सुचारू रूप से शुरू नहीं की और किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो पार्टी अपना विरोध प्रदर्शन और तेज करेगी।

### कॉलेज लेवल विज्ञान निबंध स्पर्धा में ईशा प्रथम रही

**बाढड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह की अध्यक्षता में तथा साईंस सोसाईटी प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की विज्ञान विभाग की विभिन्न छात्राओं ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में उच्च अध्ययन में बौद्धिक संपदा अधिकार, ग्रह, लोग और नीति न केवल लाभ, राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नव प्रवर्तन का उदय, राष्ट्र के विकास में डिजिटल प्रौद्योगिकी की भूमिका, लाउड स्टोरेज का इतिहास, लाभ और कमियां आदि विषय शामिल किए गए।